GREENLAWNS HIGH SCHOOL
FINAL EXAMINATION YEAR 2020

SUBJECT : HINDI CLASS : V
TIME : 2 HOURS MARKS : 80

---

**सूचना** :- भाग 'अ' तथा भाग 'ब ' के सभी प्रश्नों के उत्तर विद्यालय द्वारा दी गई उत्तर पुस्तिका में लिखिए। भाग 'स' तथा 'द' के उत्तर प्रश्नों के आगे दिए खाली स्थान पर लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका में जोड़ दीजिए।

**भाग – अ**

प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (१०)

१) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी  २) मेरा प्रिय पक्षी
३) हमारा पर्यावरण  ४) अनुशासन का महत्व

प्रश्न २. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (७)

१) वार्षिकोत्सव (Annual day) में भाग लेने का निवेदन (Request) करते हुए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए।
२) अपने प्रिय शिक्षक/ शिक्षिका के बारे में बताते हुए दादाजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक नदी के किनारे जामुन का पेड़ था। उसपर एक बंदर रहता था। वह रोज़ मीठे-मीठे जामुन खाया करता था। नदी में एक मगरमच्छ रहता था। मगर और बंदर की मित्रता हो गई। बंदर जब जामुन खाता था, तब अपने मित्र मगर के लिए भी कुछ जामुन नीचे फेंक देता था। मगर कुछ जामुन ले जाकर अपनी पत्नी को भी खिलाता था। एक दिन मगर की पत्नी ने मगर से पूछा, ''इतने मीठे जामुन कहाँ से लाते हो ?''मगर ने बताया कि उसका मित्र बंदर प्रतिदिन उसे ये जामुन देता है।

मगर की पत्नी ने सोचा – 'जो बंदर रोज़ इतने मीठे जामुन खाता है, उसका कलेजा कितना मीठा होगा!' उसने मगर से कहा, ''एक दिन अपने मित्र को यहाँ लेकर आओ, मैं उसका कलेजा खाना चाहती हूँ।''

अगले दिन मगर ने बंदर को अपने निवास पर चलने का निमंत्रण दिया। बंदर बोला, ''मैं चलूँगा कैसे ? मुझे तो तैरना नहीं आता।'' मगर ने समझाया, ''मित्र, तुम इसकी चिंता मत करो। तुम मेरी पीठ पर बैठ जाना, मैं तुम्हें अपने घर ले चलूँगा।'' बंदर मान गया और मगर की पीठ पर बैठ गया। रास्ते में मगर ने बंदर को साफ़-साफ़ बता दिया कि मेरी पत्नी तुम्हारा कलेजा खाना चाहती है।

उसकी बात सुनकर बंदर पहले तो घबरा गया परंतु उसने बुद्धिमानी से काम लिया। वह बोला, '' मित्र! तुमने मुझे पहले क्यों नहीं बताया? मैं अपना कलेजा हमेशा साथ लेकर नहीं घूमता। मैं तो उसे पेड़ के खोखल में रखता हूँ। तुम मुझे वापस ले चलो, मैं कलेजा लेकर आ जाता हूँ।''मगर बंदर को पेड़ तक ले गया। बंदर ने छलाँग लगाई और पेड़ पर चढ़ गया। फिर वहीं से बोला, ''अरे भाई, तुम तो बिलकुल मूर्ख हो। कभी कोई अपना कलेजा भी निकालकर अलग रख सकता है। जाओ, अपना रास्ता नापो।अब मैं तुम्हारे या तुम्हारी पत्नी के झाँसे में नहीं आनेवाला।''

१) बंदर कहा रहता था? (१)
२) नदी में कौन रहता था? (१)
३) बंदर अपने मित्र के लिए क्या करता था? (१)
४) मगर की पत्नी ने बंदर के बारे में क्या सोचा? (१)

००२।—

५) मगर ने बंदर को कहाँ चलने का निमंत्रण दिया? (१)

६) बंदर ने अपने आप को कैसे बचाया? समझाकर लिखिए। (२)

७) इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है? (१)

## भाग – ब

## पुस्तक – वटवृक्ष

प्रश्न ४. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (१५)

१) बातचीत करते समय हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? समझाकर लिखिए।

२) महंत ने बिसात ठोकर मारकर क्यों गिरा दी थी?

३) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता किसपर आधारित है? आपको इस कविता से क्या सीख मिलती है?

४) मछुआरा न चाहते हुए भी सुनहरी मछली के पास क्यों जाता था? उसकी पत्नी ने उससे कौन-कौन सी माँगे पूरी करवाई?

५) कृपाशंकर हाथ बाँधे सेवक की भाँति क्यों दौड़ता रहता था? समझाकर लिखिए।

## पुस्तक – रंगमंच

प्रश्न ४ ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (६)

१) ताँगेवाले ने यात्री को तात्या टोपे के बारे में क्या बताया?

२) राजा कृष्णदेव राय कुएँ जल्दी क्यों तैयार करवाना चाहते थे? उन्होंने कुएँ तैयार करवाने का आदेश किसे दिया?

३) ताँगेवाले की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखते हुए बताइए कि आपको उसका चरित्र क्यों अच्छा लगा?

भाग - 'स'

सूचना – इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न पत्र में ही लिखिए।

नाम – ———————————————— कक्षा ————————- अनुक्रमांक ———-

प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (५)

१) मछुआरे की पत्नी क्या निहार रही थी ?

________________________________________

२) युवक के माथे पर क्या जाहिर हो रहा था ?

________________________________________

३) जब कोई आपको बुलाए तो आपको क्या कहना चाहिए ?

________________________________________

४) पक्षी कौन-सी आज़ादी की बात कर रहा है ?

________________________________________

५) कुली किसने बुलाया था ?

________________________________________

प्रश्न ६. शब्दार्थ लिखिए। (२)

१) शिष्टता – ———————————— २) सामंजस्य ————————————

३) नीड़ - ———————————— ४) कोप – ————————————

प्रश्न ७. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (२)

१) हमारे मन में बड़ों के प्रति ———————————— होना चाहिए।

२) एक युवक ने किसी ———————————— के महंत से कहा- मैं साधू बनना चाहता हूँ।

३) मछुआरा बड़ा ———————————— और मेहनती था।

४) अगर किसी के साथ —————————— से बातचीत की जाए तो सुननेवाला खुश होकर आपको इनाम भी दे सकता है।

प्रश्न ८. निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहे लिखिए। (३)

१) "कुछ नहीं! आज तो सिर्फ एक छोटी सी मछली जाल में फँसी थी, जिसे मैंने वापस सागर में ही छोड़ दिया।"

____________________ ने ____________________ से कहा

२) ''तुम्हें जितना सिखाया गया था तुम उससे कहीं ज्यादा जानते हो।''

______________ ने ______________ से कहा

३) गाड़ी ने सीटी दी तो उसने सजल नेत्रों से पंडित जी के चरण छुए और कहा. ''इस सेवक को याद करते रहिएगा।''

______________ ने ______________ से कहा

प्रश्न ९. निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत लिखिए। (२)

१) जब कोई धीरे से प्रश्न करे तो उसका उत्तर हँसते हुए देना चाहिए। ______________

२) मछुआरे की पत्नी मालकिन बनना चाहती थी। ______________

३) ठाकुर अतिबल सिंह तहसील में सियाहेनवीस थे। ______________

४) युवक ने शतरंज की एक बिसात बिछाई। ______________

प्रश्न १०. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। (४)

ऐसे थे ______________

______________

______________

______________ के दाने।

## भाग - 'द' (व्याकरण)

प्रश्न ११. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

१) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (२)

१) किरण – ______________ ______________

२) भँवरा ______________ ______________

२) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (२)

१) पूर्व - ______________ २) मौखिक - ______________

३) उतार – ______________ ४) आयात – ______________

३) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (२)

१) जिसमें बल न हो – ______________

२) जिसके नीचे रेखा हो ______________

३) बोलनेवाला – ————————————————————————

४) छोटा भाई - ————————————————————————

४) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए। (२)

१) शहर – —————————— २) मामा – ——————————

३) चमक – —————————— ४) नगर – ——————————

५) उचित कारक चिह्नों द्वारा खाली स्थान भरिए। (२)

१) सैनिक देश —————————— लड़ते हैं।

२) गुरुजी कुर्सी —————————— बैठे हैं।

३) यमुना हिमालय —————————— निकलती है।

४) परीक्षा फरवरी —————————— होगी।

६) निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानकर उनके भेद लिखिए। (२)

१) कल्पना रो रही थी।

—————————— ——————————

२) सूरज उगने पर सवेरा होगा।

—————————— ——————————

७) रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद पहचानिए। (२)

१) जैसे ही सूरज निकलता है, वैसे ही पक्षी चहचहाने लगते हैं।

————————————————————————

२) श्याम पढ़ाई कर रहा है।

————————————————————————

८) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए। (२)

१) मुँह में पानी भर आना – ————————————————

२) फूला न समाना – ————————————————